# जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 मई 2020

प्रेस विज्ञप्ति

## जामिया ऑनलाइन प्लेसमेंट प्रक्रिया के लिए वेबिनार और इंटरेक्टिव सत्र के ज़रिए अपने छात्रों को तैयार कर रहा है

जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा हाल ही में शुरू किए गए ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव 2020 के हिस्से के रूप में, यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) ने 13 मई 2020 को 'गेटिंग फॉर वर्चुअल इंटरव्यू' के लिए ऑनलाइन इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किया। डीएनएफ लिमिटेड के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एचआर) श्री संजय बक्सला इसके विशेषज्ञ वक्ता थे।

श्री बक्सला ने आज के रोजगार बाजार की जरूरतों की जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन प्लेसमेंट साक्षात्कार का सामना करने के गुर सिखाए। छात्रों ने इस बारे में उनसे कई सवाल करके अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

सत्र के लिए बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजीकरण कराया लेकिन तकनीकी बाधाओं के कारण केवल 100 ही इसमें भाग ले सके।

यूपीसी ने 10 मई, 2020 को "क्रैकिंग ऑनलाइन जॉब इंटरव्यू एंड टेक्निक्स फॉर ग्रुप डिस्कशन" पर भी एक वेबिनार आयोजित किया था। फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के डायरेक्टर-लर्निंग सॉल्यूशंस, श्री अहमद सबिह किदवई उसके मुख्य वक्ता थे। वेबिनार में विभिन्न विभागों के 100 से अधिक छात्र और टीचर प्लेसमेंट कोआर्डिनेटर शामिल हुए।

देश में विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए मानव संसाधन कार्यों का नेतृत्व कर चुके, अपने क्षेत्र के माहिर, श्री किदवई ने साक्षात्कार की तैयारी के साथ ही बातचीत की कला को बढ़ाने पर ज़ोर दिया। एक प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को ऑनलाइन साक्षात्कार कौशल की बारीकियों को समझाया। कोरोना वायरस से उपजी चुनौतियों के बीच उद्योग की उम्मीदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्रों के लिए यह एक उत्कृष्ट अवसर था।

उनकी प्रस्तुति के बाद एक अत्यधिक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र में श्री किदवई ने छात्रों की जिज्ञासाओं को अपनी सारगर्भित बातों से शांत किया। यह वेबिनार, ऑनलाइन नौकरी के साक्षात्कार को क्रैक करने के मामले में आपसी समझ को साझा करने को लेकर काफी कामयाब रहा।

जामिया के डॉ रिहान खान सूरी, प्रोफेसर (टीपीओ) ने कार्यक्रम के अंत में वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया जिसे छात्रों और शिक्षकों ने खूब सराहा।

फैकल्टी आफ एजुकेशन के डीन प्रोफेसर एजाज़ मसीह, ने वेबिनार की शुरुआत में छात्रों को संबोधित किया। जामिया के हिन्दी विभाग की प्रमुख प्रो इंदु वीरेंद्र ने वेबिनार की सराहना की और स्पीकर और आयोजक को धन्यवाद दिया।

**अहमद अज़ीम**
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया समन्वयक